भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3272

उत्तर देने की तारीख 16 दिसंबर, 2024
25 अग्रहायण, 1946 (शक)

खेल अवसंरचना के रखरखाव में मुख्य चुनौतियां

3272. श्रीमती रचना बनर्जी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार संपूर्ण देश विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल अवसंरचना के विकास और रखरखाव संबंधी मुख्य चुनौतियों से अवगत है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि देश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच खेल अवसंरचना की गुणवत्ता में असमानता है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस असमानता को दूर करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं/ किए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ङ) : 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेल अवसंरचना के विकास और रखरखाव सहित खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्र सरकार महत्वपूर्ण कमियों को दूर करके उनके प्रयासों में सहायता करती है। देश के विभिन्न भागों में मौजूद खेल अवसंरचना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की निकायों/विभागों के अधिकार क्षेत्र में आते है। इनकी जानकारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के पास होती है। इसके अलावा, खेल अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता इस मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित खेलो इंडिया स्कीम और राष्ट्रीय खेल विकास निधि (एनएसडीएफ) के माध्यम से प्रदान की जाती है। ये मांग आधारित स्कीमें हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों और अन्य पात्र निकायों से प्राप्त प्रस्तावों पर वित्तीय सहायता हेतु उनकी पूर्णता, तकनीकी व्यवहार्यता और धनराशि की उपलब्धता के आधार पर विचार किया जाता है।खेलो इंडिया स्कीम और एनएसडीएफ के तहत ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश भर में स्वीकृत खेल अवसंरचना परियोजनाओं और उनकी स्वीकृत लागत, जारी की गई धनराशि और उनकी वास्तविक और वित्तीय प्रगति का विवरण मंत्रालय के डैशबोर्ड https://mdsd.kheloindia.gov.in और http://www.nsdf.yas.gov.in/ nsdf-glance.html पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

****